दिनांक 28.06.2024 समय 18.30

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- प्रदेश में मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का आयोजन कल – मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा नव नियुक्त कार्मिकों से संवाद करेंगे।
- शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नीट परीक्षार्थियों को आश्वासन दिया कि नीट मामले के दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।
- राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि बालिका शिक्षा से ही महिला सशक्तिकरण को बढावा दिया जा सकता है।
- प्रदेश में मॉनसून और आगे बढ़ने के साथ ही मौसम विभाग ने कल से 2 जुलाई तक भरतपुर और जयपुर संभाग में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की संभावना जताई ।

000

प्रदेश में कल मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसमें 20 हज़ार से अधिक नवनियुक्त कार्मिक शामिल होंगे। महोत्सव में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शिरकत करेंगे और नव नियुक्त राजकीय कार्मिकों के उत्साह–वर्धन के लिए उन्हें संबोधित करेंगे तथा चयनित कार्मिकों से संवाद भी करेंगे। सभी जिलों में रोजगार उत्सव की तैयारियां पूरी करली गई हैं। सवाईमाधोपुर जिले में 250 नवचयनित कार्मिकों को कार्यक्रम स्थल पर मुख्यमंत्री का बधाई संदेश और लोक सेवकों के कर्तव्य, दायित्व और अपेक्षाओं के संबंध में बुकलेट भी दी जाएगी। जिला रोजगार कार्यालय के उपनिदेशक ने बताया कि कार्यक्रम में राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में नवनियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र दिया जाएगा। भीलवाडा में जिला स्तरीय कार्यक्रम महाराणा प्रताप सभागार टाउनहॉल में आयोजित होगा, जिसमें 477 नवनियुक्त कार्मिक शामिल होगें। सरहदी जिले जैसलमेर में आयोजित रोजगार उत्सव में 421 नवनियुक्त राजकीय कार्मिक शामिल होगें। झालावाड जिले के प्रभारी मंत्री ओटाराम देवासी झालावाड के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में ऑडिटोरियम में होने वाले रोजगार उत्सव में मौजूद रहेंगे। बाडमेर में भगवान महावीर टाऊन हॉल में मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में 680 नवनियुक्त सरकारी कर्मचारी हिस्सा लेंगे।

000

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष के आचरण की निंदा करते हुए कहा कि वे संसदीय कार्यवाही में बाधा डालकर नियम और परंपराओं की अवहेलना कर रहे हैं। संसद से बाहर मीडिया से उन्होंने कहा कि सरकार हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन विपक्ष को सदन के नियमों का पालन करना होगा। इससे पहले विपक्ष ने नीट परीक्षा मुद्दे पर दोनों सदनों की कार्यवाही बाधित की थी। इस बीच, कांग्रेस नेता के.सी. वेणुगोपाल ने कहा कि नीट परीक्षा का मुद्दा सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा है, क्योंकि हजारों विद्यार्थी और उनके अभिभावक चिंतित हैं। इससे पहले लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मीडिया से कहा कि संसद से

यह संदेश जाना चाहिए कि सरकार और विपक्ष विद्यार्थियों के हितों की बात कर रहे हैं। श्री गांधी ने कहा कि यह मुद्दा देश के युवाओं से जुड़ा है और इस पर संसद में उचित चर्चा होनी चाहिए।

000

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आज नीट परीक्षार्थियों को आश्वासन दिया है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। संसद के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार इस मुद्दे पर संवेदनशील है। श्री प्रधान ने विद्यार्थियों और अभिभावकों को आश्वासन दिया कि सभी आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार सदन में किसी भी मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है।

000

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी एनटीए में सुधारों की सिफारिश के लिए शिक्षा मंत्रालय की ओर से गठित विशेषज्ञों की उच्च स्तरीय समिति ने छात्रों और अभिभावकों से सुधार और पुनर्गठन पर सुझाव मांगे हैं। समिति का नेतृत्व इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ के राधाकृष्णन कर रहे हैं। समिति उलहवअ वेबसाइट के माध्यम से सात जुलाई तक सुझाव और प्रतिक्रियाएं स्वीकार करेगी। समिति को दो महीने के भीतर शिक्षा मंत्रालय को अपनी रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा गया है, जिसमें परीक्षा प्रक्रिया और डेटा सुरक्षा प्रणाली में सुधार तथा एनटीए की संरचना और कार्यशैली पर सिफारिशें की जाएंगी। इस बीच नीट पेपर लीक मामले में झालावाड मेडिकल कॉलेज के 10 छात्र संदेह के दायरे में आये है जिनसे पूछताछ की जा रही है। दिल्ली और मुंबई पुलिस की जांच टीम पिछले महीने झालावाड आयी थी और मेडिकल कॉलेज कार्यालय से कुछ छात्रों की जानकारी मांगी थी। मेडिकल कॉलेज झालावाड के डीन डॉ सुभाष चंद जैन ने मीडिया को बताया कि झालावाड मेडिकल कॉलेज के कुछ छात्रों को दिल्ली भी बुलाया गया था और कुछ से कॉलेज में ही पूछताछ की गई थी। झालावाड मेडिकल कॉलेज के कुछ छात्रों द्वारा डमी केंडिडेट के तौर पर नीट परीक्षा देने का आरोप है जिसकी अभी जांच चल रही है।

000

आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से प्रादेशिक समाचार बुलेटिनों में तीन नये आपराधिक कानूनों के बारे में जागरुकता लाने के उद्देश्य से श्रृंखला चलायी जा रही है। आज हम आपको इन कानूनों में पुलिस की जवाबदेही बढ़ाने के लिये किये गये प्रावधानों की जानकारी दे रहे हैं। नये कानूनों में पुलिस की जवाबदेही में बढ़ोतरी की गई है। इसके लिये तलाश और जब्ती के दौरान पुलिस द्वारा वीडियोग्राफी अनिवार्य रूप से की जायेगी। पुलिस के लिये गिरफ्तार व्यक्तियों के बारे में जानकारी देना अनिवार्य किया गया है। 3 वर्ष से कम सजा वाले मामलों और 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए मजिस्ट्रेट से पूर्व अनुमति लेना भी पुलिस के लिए अनिवार्य कर दिया गया है। नये कानूनों में पुलिस के लिये गिरफ्तार व्यक्ति को 24 घंटे के भीतर मजिस्ट्रेट के सामने पेश करना भी जरूरी किया गया है। इन कानूनों के तहत 20 से अधिक प्रावधानों द्वारा पुलिस की जवाबदेही तय की गई है।

000

-----------------------

राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि बालिका शिक्षा से ही महिला सशक्तिकरण को बढावा दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि वही समाज तेजी से आगे बढ़ता है जहां महिला शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए कार्य किया जाए। श्री मिश्र ने आज हनुमानगढ़ जिले की तहसील नोहर में श्री गौरीशंकर बिहानी राजकीय कन्या महाविद्यालय के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन करते हुए कहा कि उच्चतर शिक्षा में अधिक से अधिक बालिकाओं को मौका दिया जाए। श्री मिश्र ने कहा कि महिला शिक्षा ही हमारे राष्ट्र और समाज का आधार है।

आधुनिक समय में महिलाएं संवेदनशीलता से सामूहिक हितार्थ निर्णय लेने में पुरूषों से आगे बढ़कर समाज का मार्ग प्रशस्त कर रही हैं। श्री मिश्र ने कहा कि हमें मिलकर बेटियों को अवसर प्रदान करने चाहिए।

000

प्रदेश में मॉनसून और आगे बढ़ने के साथ ही मौसम विभाग ने आज भरतपुर, जयपुर, अजमेर, कोटा, बीकानेर, उदयपुर संभाग के कुछ हिस्सों में बारिश की संभावना जताई है। आज उत्तर–पूर्वी राजस्थान में कहीं–कहीं भारी बारिश के भी आसार हैं। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में कल से 2 जुलाई के दौरान भारी बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होगी।

------------------------

इस बीच आज झुन्झुनूं में तेज बरसात हुई, जिससे जिलेवासियों को गर्मी और उमस से राहत मिल गई है। हमारे संवाददाता की रिपोर्ट–

----------------------------

जैसलमेर में भी अच्छी बारिश हुई है जिससे ऐतिहासिक गड़ीसर सरोवर में पानी की बढिया आवक हुई है। बारिश के बाद सरोवर क्षेत्र में दिनभर सैलानियों की चहल–पहल रही। चूरू में दोपहर बाद बादल छाने से मौसम में ठण्डक आ गई। पाली में कल रात से रूक रूक कर बारिश हो रही है। झालावाड़ में दोपहर में हल्की बारिश हुई। राजधानी जयपुर में भी कई इलाकों में बूंदाबांदी हुई।

000

चित्तौडगढ जिले में निंबाहेडा विधायक श्रीचंद कृपलानी और जिला कलक्टर आलोक रंजन ने निंबाहेड़ा पंचायत समिति की ऊंखलिया ग्राम पंचायत में रात्रि चौपाल लगाई। चौपाल में जन समस्याओं का हाथों– हाथ निराकरण करने के लिए मौके पर ही अधिकारियों को निर्देश दिए गये। रात्रि चौपाल में पानी, बिजली, सड़क, पेंशन प्रकरण, आवास, राशन, अतिक्रमण सहित अन्य मामलों में अधिकारियों को नियमानुसार कार्यवाही के लिये कहा गया। रात्रि चौपाल में ग्रामीणों की मांग पर खेल मैदान की चार दिवारी बनाने, श्मशान घाट के लिए भूमि आवंटन तथा बच्चों के लिए खेल सामग्री उपलब्ध कराने के लिए विधायक श्रीचंद कृपलानी ने प्रधान को निर्देश

दिए। इस दौरान बोर्ड परीक्षाओ में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक लाने वाले छात्र–छात्राओं को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

000

राज्य में आगामी रविवार 30 जून को पल्स पोलियो अभियान के तहत 5 साल तक के बच्चों को पोलियो खुराक पिलाई जाएगी। अभियान के सफल संचालन के लिए जिलों में टास्क फोर्स गठित की गई है। 30 जून को विभिन्न पोलियो बूथ्स पर दवा पिलाई जायेगी। वहीं अगले दो दिनों में घर घर जाकर पोलियो खुराक दी जायेगी। इसके लिये मोबाइल टीमें बनाई गई हैं। साथ ही रेल्वे स्टेशनों और बस स्टैण्ड्स पर भी पोलियो की दवा पिलाने के लिये विशेष मोबाइल दल गठित किये गये हैं। राष्ट्रीय पल्स पोलियो महाअभियान के बारे में जागरूकता के लिये आज झालावाड में रैली निकाली गई।

000